तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

सामाजिक सुरक्षा के संकल्प के साथ की गई शस्त्र पूजा 14



गांधी-शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद 14



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** दुर्गा विसर्जन देखने गए एक युवक के साथ दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को गजेंद्र राजपूत वार्ड नं. 15 नीलकंठ चौक महामाया पारा महासमुंद ने बताया कि 1 अक्टूबर की रात 11.30 बजे वह महामाया पारा की ओर से आ रही दुर्गा विसर्जन को देखने गया था और शीतला रोड साई मंदिर के पास खड़ा था, उसी समय भाऊ उर्फ हिमांशु साहू एवं पप्पू उर्फ छिछ्छड साहू आए और उसे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूदध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी से दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** सागरपाली के पेट्रोल पंप में काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी सरोज जायसवाल ग्राम लंबर ने बताया कि वह मां संतोषी फ्यूल्स सागरपाली में 30 सितंबर की रात 7 से सुबह 8 बजे तक ड्यूटी कर रहा था। रात करीबन 9.30 बजे सागरपाली का चिंतामणि भोई पेट्रोल डलवाने आया। इस दौरान चिंतामणि भोई ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी ने अपने भाई धीरज भोई को फोन कर बुलाया और फिर दोनों ने हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मवेशियों को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** दो बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ले जा रहे तीन लोगों के विरूद्ध सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी 3 व्यक्ति अवैध रूप से 2 नग मवेशीयों (बैल) को पैदल हांकते हुए क्रूरतापूर्वक मारपीट करते हुए वध करने के प्रयोजन से कत्लखाना की ओर ले जा रहे थे। इन लोगों को ग्राम बडे टेमरी रोड नहर के पास जंगल में पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने ने अपने नाम साहिल मालिया पिता नेतराम मालिया (20) बडे टेमरी, सूरज शिकारी पिता ननकी शिकारी (25) बडे टेमरी, मिथुन शिकारी पिता सुधीलाल शिकारी (22) शिवरीनारायण थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम ग्राम बडे टेमरी बताया। आरोपियों के कब्जे से दो नग बैल कीमत 16000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया है।

### कार से गांजा तस्करी, आरोपी फरार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा मंदिर के पास एक कार से पुलिस ने 20 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। सिघोड़ा थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद कलर की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच01ईई5986 का चालक अवैध रूप से गांजा रखकर ओडिशा से छग की ओर आ रहा है। थाना चौक में जाकर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद उक्त कार वहां आई, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक ने अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाकर सिंघोड़ा मंदिर के सामने कार को छोड कर जंगल की ओर भाग गए।

# बदना संस्कृति को सहेजने की पहल, महिलाओं ने बदा जंवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में सदियों से जंवारा बदने की परंपरा चलती आ रही है। जिसमें नवरात्र में जंवारा समापन के पश्चात समान विचार रखने वाले दो व्यक्ति एक दूसरे के कानों में जंवारा लगाते है। साथ ही श्रीफल भेंटकर जंवारा बदने की परंपरा निभाते हैं। जंवारा किसी भी जाति धर्म के महिला-महिला, पुरूष-पुरुष या बच्चे-बच्चे कोई भी उम्र के साथ जंवारा बद सकते हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय महासमुंद से संलग्न ग्राम लाफिन कला के उत्साही युवा महेंद्र कुमार पटेल और गोवर्धन प्रसाद साहू की पहल पर ग्राम के पांच जोड़ी महिलाओं ने जंवारा बदने की परंपरा निभाई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में जंवारा बोने और विसर्जन की परंपरा नवरात्रि के दौरान एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है। जंवारा गेहूं या जौ के अंकुरित पौधे होते हैं,जो देवी की शक्ति और करुणा का प्रतीक हैं।

## छत्तीसगढ़ में विलुप्त होती जंवारा बदने की परंपरा को सहेजने की पहल



### इन्होंने निभाई जंवारा बदने की परंपरा

तारा पटेल के साथ दुर्गा यादव, सोनबती साहू के साथ बिसनी निषाद, शांति पटेल के साथ तुलसी यादव, चित्रेखा निषाद के साथ हेमबाई साहू,चंदा पटेल साथ पूनम निषाद। जंवारा बदने के पश्चात अब एक दूसरे का नाम नहीं लिया जाता। कभी भी भेंट मुलाकात होने पर सीताराम जंवारा कहकर अभिवादन किया जाता है। पहले यह बदने की थी परंपरा जंवारा, गंगाजल, गंगा बारु, गेंदा फूल, धंवई फूल, भोजली, महाप्रसाद, गोवर्धन, मितान बदने का काफी प्रचलन था। इन रिश्तों को पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जाती है। इस दौरान ग्राम के बइगा घसिया पटेल, सुकदेव साहू, महेंद्र पटेल, गोवर्धन साहू, जनक राम साहू, तोषकुमार साहू, रामकुमार साहू, नेतन पटेल, हरिराम साहू, पवन साहू, जनकराम साहू, रामजी साहू, कमलेश साहू आदि मौजूद रहे।



## पर्व विशेष : हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजय दशमी का पर्व

# बारिश की बाधा के बावजूद दशहरा मैदान में दशानन का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजय दशमी का महापर्व नगर में इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव समिति, मानस भवन द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में हजारों की संख्या में शहरवासी और आस-पास के ग्रामीण एकत्र हुए, और जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

विजय दशमी के अवसर पर, दशहरा मैदान में एक विशाल मंच तैयार किया गया था, जहाँ रामलीला का मनमोहक और जीवंत मंचन दिशा नाट्य कला मंच के कलाकार के द्वारा किया गया। दिशा नाट्य कला मंच के कलाकारों ने भगवान राम और रावण के बीच हुए युद्ध के प्रसंगों को बेहद प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला मंचन की शुरुआत राम दल के आगमन से हुई, जिसके बाद राक्षसों की टोली के साथ रावण दल मंच



पर पहुंचा। इस दौरान, लाइट एंड साउंड इफेक्ट्स का सुंदर उपयोग किया गया, जिसने लीला के मंचन को और भी भव्य बना दिया। मंचन में राम की शक्ति और रावण के अहंकार के बीच का द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखा, जो अंततः सत्य की विजय को दर्शाता है। विजय दशमी का यह पर्व नगर के लोगों को एक बार फिर सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देकर गया। नगर में यह पर्व सद्भाव, उल्लास और सांस्कृतिक एकता का संदेश छोड़ गया।

### उत्साह और सुरक्षा के बीच आयोजन

इस वर्ष दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया था। पर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने दशहरा मैदान और अन्य प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया था ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे। आयोजन समिति ने भीड़ प्रबंधन और प्रोटोकॉल का भी पूरा ध्यान रखा, जिससे श्रद्धालुओं ने सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में इस पर्व का आनंद लिया।

### रावण दहन पर बना रहा बारिश का भय

रावण दहन की तैयारियां पिछले 15 दिन से जारी रहीं। लेकिन, पिछले कई दिनों से हो रहे मौसम में उतार चढ़ाव और बारिश के चलते रावण दहन कार्यक्रम में बारिश का संकट छाया रहा। देर शाम बारिश हुई और पुतला भीग जाने के बावजूद रावण दहन हुआ। बारिश की आशंका के चलते दिन में रावण के पुतले को बारिश से बचाने के लिए पॉलीथिन से ढंका गया था। इसके चलके बारिश से पुतले पर कोई असर नहीं हुआ।

### रैनी पत्ता (सोना पत्ती) का महत्व

रावण दहन होने के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को सोन पत्ती भेंट कर असत्य पर सत्य की विजय की शुभकामनाएं दी। बता दें कि दशहरा पर एक-दूसरे को रैनी पत्ता (सोन पत्ती) बांटने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। मान्यता है कि इसे बांटने से घर में सुख, सौभाग्य और समृद्धि आती है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं। इस उपाय से परिवार में प्रेम और सामंजस्य बढ़ता है तथा व्यक्ति तरक्की करता है।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद, पर्व का मुख्य आकर्षण रावण दहन शुरू हुआ। मैदान में 35 फुट ऊँचे बुराई के प्रतीक रावण का पुतला खड़ा किया गया था, जिसे देखने के लिए लोग आतुर थे। जैसे ही भगवान राम का पात्र अग्निबाण लेकर मंच से नीचे उतरा और पुतले को निशाना बनाया, दर्शकों की भीड़ जय श्री राम के नारे लगाने लगी। अग्निबाण लगते ही रावण का पुतला धूं-धूं कर जल उठा। रावण दहन के साथ ही दशहरा मैदान में भव्य आतिशबाजी हुई।



## एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाल आश्रम बागबाहरा के पास एक कार की टक्कर से दूसरी कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को केशव साहू निवासी लोंदामुडा थाना कोमाखान ने बताया कि वह 1 अक्टूबर की सुबह करीबन 09.30 बजे अपने खेत के लिए दवाई लेने के लिए किसान बीज भंडार बागबाहरा प्रमोद साहू के साथ आया था, दवाई लेकर करीबन 10 बजे अपनी कार क्रमांक CG 04 क्यूएच 7725 को लेकर प्रमोद साहू को बगल की सीट में बिठाकर स्वयं गाड़ी को चलाकर अपने घर जा रहा था। करीबन 10.15 बजे बाल आश्रम बागबाहरा के पास पहुंचने पर उसने समय रोड में गड्ढे को देखकर गाड़ी को धीरे किया, उसी समय पीछे की ओर से आ रही नीले रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 2115 के चालक अपनी गाड़ी को काफी तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर उसकी कार के पिछले हिस्से मे एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार रोड के नीचे उतर गई और पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई एवं गाडी के दोनों एयर बैग खुल गये है। घटना में प्रार्थी तथा प्रमोद साहू को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## ट्रक चालक से मारपीट कर 2 हजार रुपए की लूट, तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घंटेश्वरी मंदिर के पास एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर तीन लोगों ने उससे 2 हजार रुपए लूट लिए। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सरायपाली पुलिस को प्रार्थी राजू चौहान ने अपने एफआईआर में बताया है कि वह धुमाभाठा चौकी भंवरपुर थाना बसना का रहने वाला हूं और ड्रायवर का काम करता है और वह ग्राम सालर थाना सारंगढ निवासी प्रकाश अग्रवाल का माजदा ट्रक क्रमांक सीजी 13 एवाय 8415 को चलाता है।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को ग्राम केजुवा से ट्रक में धान लोडकर बलोदिया राईस मिल बैतारी ले जा रहा था। शाम करीबन 07.30 बजे घंटेश्वरी मंदिर सरायपाली के पास ट्रक को रोड किनारे खड़ा कर लोड धान को पानी से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक रहा था। इस दौरान वह गाड़ी में अकेला था। उसी समय सरायपाली के विशाल सोना, प्रकाश यादव और करण बेहरा दो मोटर सायकल में आये और उसके साथ मारपीट करने लगे। जब उसने पूछा कि मेरे साथ क्यों मारपीट कर रहे हो, तब विशाल सोना ने कहा कि तू गाडी को रोड में क्यों खड़ा किया है। इसके बाद प्रकाश यादव, करण बेहरा के साथ मिलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया एवं तुम्हें जान से मारूंगा कहते हुए विशाल सोना ने राड से सिर को मारा तथा प्रकाश यादव, करण बेहरा ने हाथ मुक्का लात घुंसा से घसीट-घसीट कर मारपीट किया। जब वह खुद को बचाने के लिए वहां से भागने लगा, तब तीनों ने दौड़ाकर तुझे जान से मार देंगे, कहते हुए फिर से हाथ मुक्का, राड से मारपीट किया है। साथ ही प्रार्थी के जेब में रखे 2000 रुपए को आरोपियों ने जबरदस्ती लूट लिया। प्रार्थी ने बताया कि कुछ समय बाद आरोपियों के दो-तीन अन्य साथी और आये और लोहे के राड से मारपीट किया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मौके पर आरोपी विशाल सोना, प्रकाश यादव ने माजदा ट्रक क्रमांक सीजी 13 एवाय 8415 में तोड़फोड़ किया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में धारा 109, 115(2), 296, 3(5), 309(4), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## नवरात्र पर साहू समाज का गरबा उत्सव



**महासमुंद।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मां शारदा गरबा उत्सव समिति साहू समाज महासमुंद द्वारा नवरात्र पर्व पर साहू समाज भवन में गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सभी वर्ग के बच्चों व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बेस्ट गरबा डांस प्रदर्शन करने पर महिलाओं को उपहार प्रदान किया गया।



## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का आयोजन

# रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय महासमुंद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी मौजूद रही। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की प्रबंध कार्यकारिणी समिति से भूपेंद्र राठौर (उपाध्यक्ष), संदीप दीवान (सभापति), पारस चोपड़ा (कोषाध्यक्ष),उपस्थित रहे एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर का संचालन कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह (आईएएस) के निर्देशन तथा सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई



नागेश्वर राव एवं जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी तथा संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ बसंत कुमार महेश्वरी के नेतृत्व में किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं प्रबंधकारिणी सदस्य ऐतराम साहू एवं एचआर बघेल प्रबंध करणी सदस्य, राजेश्वर खरे सदस्य एवं डॉ. रेनुका गहीने, डीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने रक्तदाताओं को शुभाशीष दिए और रक्तदान में सक्रिय रहने प्रेरित किए। इस सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। सांसद ने रक्तदाताओं से वार्तालाप किए और इसे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक सराहनीय उपलब्धि बताया।

आयोजन में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय लिपिक सागर ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। प्रभारी अधिकारी डॉ. दिलजीत कौर गुरुदत्ता, नर्सिंग सिस्टर तिलोका ठाकुर, स्टाफ नर्स कुसुम साहू, मेडिकल लैब टेक्नीशियन खिलेश्वर चंद्राकर, मुन्नालाल चक्रधारी, पूर्णचंद्र विशाल, ओमप्रकाश पटेल, कमल सिंह, रामती नेताम, काउंसिलर सुनील साहू तथा वार्ड बॉय टिकेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। रेडक्रॉस कार्यालय ऑपरेटर तेजलाल देवांगन मेरा युवा भारत कार्यालय सहायक अशोक चक्रधारी एवं कार्यालय सहायक द्वारिका प्रसाद सिन्हा भी रक्तदान शिविर में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## महुआ शराब की अवैध बिक्री, एक आरोपी गिरफ्तार, दो भाग निकले

**महासमुंद।** महुआ शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपियों के खिलाफ बसना थाने में कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो आरोपी पुलिस की वाहन को क्षतिग्रस्त कर भाग निकले। जिनकी खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग तोषगांव से बेल्डीह पठार जाने के ग्राम बेल्डीह पठार के टेकरी में अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री के लिए रखे हुए हैं। मौके पर पहुंचने पर तीन व्यक्ति दिखे, जिनमें से एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया और दो लोग भाग निकले। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रामानंद रात्रे पिता परशुराम रात्रे (20 साल) बेल्डीह पठार थाना बसना बताया। वहीं पकड़े गए संदेही ने भाग निकले आरोपियों के नाम हरिशचंद खुंटे पिता नानदाउ खुटे (19 साल) बेल्डीह पठार थाना बसना, गोवर्धन निराला पिता सुदेशन निराला (20 साल) जंगलबेड़ा थाना सरायपाली होना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मौके पर तीन नग ड्रम की तलाशी ली गई, जिस पर प्रत्येक ड्रम में 50-50 लीटर व वहीं पास में रखे तीन नग प्लास्टिक झिल्ली में प्रत्येक में 05-05 लीटर कुल 165 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 13000 रुपए और मोटर साइकिल को बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को दो व्यक्तियों ने आकर बताया कि फरार आरोपी हरिशचंद खुंटे एवं गोवर्धन निराला के द्वारा रोड के किनारे खड़ी पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की गई है। जब मौके पर पहुंचकर देखा तो पुलिस वाहन बोलेरो क्र सीजी03ए1085 के सामने के कांच में तोड़फोड़ की गई थी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 324(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

खबर संक्षेप



## आंगनबाड़ी केंद्र में कन्या भोज का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत शारदेय नवरात्र पर कन्याओं का सम्मान और उनके बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के लिए आज महासमुंद के शहरी सेक्टर के विश्वकर्मा नगर 01 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र दलदली रोड में बच्चों का पूजन कर उन्हें कन्या भोज कराया गया। बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को भोजन कराया गया। जिसमें चावल-दाल, पूड़ी, मौसमी फल एवं अन्य पौष्टिक चीजों से बनी खीर, प्रसाद आदि शामिल है। शहरी परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, नवरात्रि के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केंद्र 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विद्यालय पूर्व शिक्षा प्रदान करते हैं। यहां टीकाकरण सेवाएं, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा सहायता और रेफरल सेवाएं भी प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कन्याओं को सम्मान देना, उनके बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुनिश्चित करना, और समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करना है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजु चंद्राकर, मितानिन, स्थानीय महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद थीं।

## जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चैपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चैपाल में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। जन चैपाल में इमलीभांठा महासमुंद निवासी संतोष कुमार ने अपने स्वामित्व की भूमि को शासन को दान करने के संबंध में, महासमुंद निवासी ज्वाला सिंह ठाकुर द्वारा सट्टा और शराब के अपराधी के खिलाफ आवेदन, ग्राम आरंगी पिथौरा निवासी बाबूलाल प्रधान द्वारा पूर्वजों की भूमि में गाय पालन एवं अन्य कार्य की स्वीकृति हेतु आवेदन, ग्राम पिरदा तुमगांव निवासी सोनमत बाई द्वारा वन अधिकार पट्टा की द्वितीय प्रति प्रदान करने हेतु, ग्राम डूमरपाली सरायपाली के ग्रामवासियों ने आंगनबाड़ी के भवन निर्माण हेतु आवेदन किया। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार,अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल अपने अध्यक्ष, सचिव या अधिकृत पदाधिकारी के माध्यम से एक जिला प्रतिनिधि को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु एक-एक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किया जाएगा। बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका बताया गया कि वे संबंधित मतदान केंद्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, आवश्यक संशोधन किए जाने में सहयोग करेंगे।

# नशे से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

### जगह-जगह कबड्डी के उद्घाटन में शामिल हुए अंकित बागबाहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कोने से कोने के ग्राम में कांग्रेसजनों व आमजन के बुलावे पर उनके सुख दुःख में शामिल होने को ही राजनीति की असली परिभाषा समझने वाले कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा लगातार क्षेत्र में नवरात्र के पावन पर्व पर बुलावे पर माता के दरबारों में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं।

अंकित ने बताया कि मां खल्लारी, मां चंडी, चंडी देव, छोटे खल्लारी बागबाहरा विकासखंड के प्रमुख देवी स्थल हैं, जहां ज्योत जंवारा से लेकर रोजाना भंडारा का आयोजन भी होता है। इसी प्रकार इस बार बागबाहरा नगर में कुल लगभग 23 जगहों पर दुर्गा माता विराजित हुई हैं, इन सब का दर्शन कर मैया का आशीर्वाद मांगा। इस बीच में अग्रसेन जयंती, छठ्ठी के साथ-साथ तमोरा, बांध चरौदा, दरबेकेरा दशगात्र में भी शामिल हो मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अंकित ने कहा कि ठंड शुरू होने का समय है



और लगातार ग्रामों में कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है, ऐसे समय में आमंत्रण पश्चात अंकित बागबाहरा कसेकेरा, भदरसी, तुपकबोरा, पतेरापाली स, दरबेकेरा आदि ग्रामों में कबड्डी में जाकर आयोजन समिति और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। अंकित ने कहा कि किसी भी आयोजन के लिए खेल मैदान, आयोजन समिति, खिलाड़ी का होना आवश्यक है, वैसे ही सफल आयोजन के लिए दर्शकों का होना भी आवश्यक है। प्रत्येक जगह की कबड्डी में अंकित बागबाहरा द्वारा नशे से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की बात कह रहे हैं। साथ ही अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रौशन करने की शुभकामना भी प्रेषित कर रहे हैं। अंकित ने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 50 से 60 टीमें हिस्सा ले रही है और आयोजन आज कल पूरे हाईटेक तरीके से मैट और इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग मशीन के साथ हो रहा है। कहीं कहीं तो लोग चीयर लीडर भी उपयोग कर रहे हैं। अंकित हर जगह में ये जानकारी भी जरूर दे रहे हैं कि अब प्रो कबड्डी के माध्यम से पवन सहरावत जैसे खिलाड़ियों को एक सीजन का 3 करोड़ रुपए भी मिल रहा है और भविष्य उज्ज्वल हो रहा है तो ऐसा ग्राम के किसी भी अच्छे खिलाड़ी के साथ हो सकता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पुरोहित चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, नेमी चंद्राकर, सरपंच डोंगर सिंह ठाकुर, योगेश यादव, धनसाय रात्रे, सरपंच राकेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि ओकेश्वर दीवान, संतोष यादव, चंद्रकांत ठाकुर, सुनील ठाकुर, कमोद साहू, आकाश साहू, जीतेश यादव, तोपराम निषाद, डिगेश्वर दीवान, राजू यादव, अभिषेक यादव, नेहरू चक्रधारी, हरीश दीवान, कृष्णा दीवान, सुमन चक्रधारी, जतिराम साहू, खिलावन ध्रुव, उमेश्वर चक्रधारी, पूनम दीवान, संजय दल, कमलेश्वर चक्रधारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## शिक्षक पटेल हुए सेवानिवृत्ति, पेंशन भुगतान का आदेश जारी

**महासमुंद।** राज्य शासन के मंशानुरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बाराडोली के शिक्षक रमेश लाल पटेल को 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कलेक्टर लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षक रमेश लाल पटेल को पीपीओ प्रदान करते हुए पुष्पगुच्छ, शाल एवं फल से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला परियोजना समन्वयक रेखराज शर्मा एवं जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद संजय कुमार चौधरी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है और विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पटेल ने अपने लंबे कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है वह सराहनीय है। कलेक्टर ने उनके निष्ठापूर्ण सेवाभाव के लिए बधाई देते हुए स्वस्थ, सुखी व सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति होने पर उसी दिन पीपीओ प्रदान करने कहा है। उन्होंने जिला कोषालय अधिकारी को भी हर माह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी की सूची तैयार करते हुए संबंधित विभाग को प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश देने कहा है। इस अवसर पर शिक्षक रमेश लाल पटेल ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन मेरे लिए खुशी का दिन है, शासन के इस निर्णय से आज मुझे सेवानिवृत्ति के ही दिन पेंशन भुगतान आदेश के साथ ही सभी देयक प्रदान किया गया। इसके लिए शिक्षक पटेल ने शासन एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। सेवानिवृत्ति पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी ने उन्हें अवकाश नगदीकरण की राशि, भविष्य निधि फाइनल भुगतान, परिवार भत्ता निधि राशि, उपादान राशि सहित सभी देयक प्रदान किए। इस अवसर पर कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी के शाखा प्रभारी रुपेश महापात्र का विशेष योगदान रहा।

## अरुण बनाए गए राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्रभारी प्राचार्य अरुण



प्रधान को महासमुंद जिला राजपत्रित अधिकारी संघ का अध्यक्ष बनाया गया। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि अरुण प्रधान के अध्यक्ष बनने से राजपत्रित अधिकारी संघ महासमुंद और अधिक सुदृढ़ होगा। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष मीना पाणिग्राही की सेवानिवृत्ति के बाद प्रधान की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति पर संयोजक टेकराम सेन, सह संयोजक रेखराज शर्मा, संरक्षकगण एस चंद्रसेन, प्रमोद तिवारी, राजेश चंद्राकर, अशोक गिरि गोस्वामी, उमेश भारती, नंद किशोर सिन्हा, गोस्वावी, कमलेश ध्रुव, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, एसपी ध्रुव, शिव कुमार साहू, भैयाराम चंद्राकर, हिमांशु भारतीय,मनीष ठाकुर, दिलीप तिवारी, रिखीराम साहू, सिराज बक्स, ईश्वर चंद्राकर, राकेश थवाईत, दीपक तिवारी, केके चंद्राकर, ओमनारायण शर्मा, राजेश शर्मा, कमल यादव, बीपी मेश्राम, उमेश साहू, मिलाप यादव, डाइट से के सिंह, उमादेवी शर्मा, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, किरण कन्नौजे, तिलोत्मा प्रधान, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, झरना साहू, सुनील साहू, सुनील मरकाम, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडे, आकांक्षा, गरिमा, मीना साहू, राधा साहू, सुषेण दीवान, तरुण चंद्राकर, हीरामन, अजय, उदित सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने हर्ष जताया।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक एवं अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय के निर्देशन में व प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर, कैंटीन परिसर, हर्बल गार्डन परिसर, मुख्य द्वार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि स्वच्छता अभियान हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। इस अभियान के माध्यम से, हम लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक कर सकते हैं और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। स्वच्छता अभियान न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करता है। स्वच्छता ही स्वास्थ्य की कुंजी है, और हमें इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। हम सभी मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लें और अपने समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान करें। डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि आज हम स्वच्छता अभियान के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। स्वच्छता न केवल हमारे पर्यावरण को स्वस्थ बनाती है, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करती है। आइए हम सभी मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाएं और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए संकल्पित हों। इस अभियान में हमारा सहयोग और समर्पण ही हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकता है। डॉ ईपी चेलक द्वारा बताया कि इस अभियान के माध्यम से, हम लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक कर सकते हैं और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कहा कि स्वच्छता अभियान न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करता है। इस स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रोहित कन्नौजे, शशांक दानी, संदीप यादव, दिनेश सिन्हा, सुनीता ध्रुव, गायत्री ध्रुव, पीलाराम यादव, अजय जांगड़े, यशोमती रात्रे, हरिचंद निषाद, निशांत पाटकर सहित रासेयो स्वयंसेवक विजय ब्रम्हे, जनक साहू, गोरेलाल चतुर्वेदी, देवेंद्र साहू, कामता भारती, वर्षा साहू, भुनेश्वरी कोसले, लक्ष्मी साहू, गुंजा दीवान सहित 50 से अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी का धन्यवाद ज्ञापन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

## जिला स्तरीय गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल प्रशिक्षण कार्यशाला हुई

**महासमुंद।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से रैंप योजना अंतर्गत गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से वस्तु एवं सेवा क्रय प्रक्रिया पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नवकिरण अकादमी में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिले के शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छोटे और मध्यम उद्योग सेक्टर की इकाइयों ने भाग लिया। कलेक्टर ने कहा कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल से क्रय/विक्रय प्रक्रिया को गहराई से समझना आवश्यक है, जिससे शासन की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम होगी। प्रशिक्षण सत्र में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस टीम दिल्ली के राकेश तिवारी ने प्रतिभागियों को पोर्टल से सामग्री क्रय करने, विभागीय निविदा प्रक्रिया हेतु ऑनबोर्डिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने एवं प्रकाशित करने तथा निविदा खोलने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लघु एवं मध्यम इकाइयों को विक्रेता के रूप में पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, उत्पाद कैटलॉग बनाने और निविदाओं में भागीदारी हेतु आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहन लाल साहू ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित की जाएंगी।



## विधायक के जन्मदिन पर छग शिक्षक संघ और फेडरेशन ने की मुलाकात

**महासमुंद।** क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुलाकात की। इस अवसर पर छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छग शिक्षक संघ की कामना है कि राष्ट्र निर्माण में विधायक महासमुंद का उल्लेखनीय योगदान हो, जिससे समाज में समरसता विकसित हो। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, विखं अध्यक्षगण किशोर कुमार रथ सरायपाली, अविनाशलाल महासमुंद, अरुण कुमार प्रधान, टोहन देवांगन, कुबेर साहू, भागवत जगत मौजूद रहे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन के नेतृत्व में गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस दौरान फेडरेशन की ओर से दिलीप तिवारी, उमेश बारती गोस्वामी, ईश्वर चंद्राकर, अशोक गिरि गोस्वामी, सुधा रात्रे, सिराज बक्स, बाबूलाल ध्रुव, आत्माराम साहू, अजय बंजारे, राजेश भालेराव, लव निर्मलकर, डिगेश पुरेना, रिखीराम साहू, नारायण चौधरी, नंद कुमार साहू आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की ओर से दिलीप तिवारी ने दी है।

# नवागढ़ क्षेत्र के टार्जन सतनामी हत्याकांड की एसआईटी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमेतरा जिला के नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम हरदी में एक नाबालिग लड़के ने इंटरनेट में जातिगत पोस्ट करने से रोकने पर उल्टा टार्जन सतनामी की ही चाकू मारकर हत्या कर दी, जिसकी एसआईटी गठित कर सूक्ष्म जांच करने की मांग प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर रवि साहू को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की है।



ज्ञापन में बताया गया है कि बेमेतरा जिला के नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम हरदी में एक नाबालिग लड़के द्वारा इंटरनेट में सतनामी समाज को सबक सिखाने का पोस्ट डाला था, जिसे उसी गांव के टार्जन सतनामी ने पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया। कुछ दिनों बाद नाबालिग द्वारा टार्जन सतनामी के ऊपर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। नाबालिग द्वारा घटना को अंजाम देना प्रदेश व सर्व समाज के लिए गंभीर चिंतन का विषय है। जिसकी एसआईटी गठित कर उच्च स्तरीय सूक्ष्म जांच कर नाबालिग लड़के के मन में जातिगत जहर कौन लोगों ने भरा, इस दौरान वे किस संगठन के लोगों से मेलजोल रख रहे थे, ऐसे सभी पहलुओं पर जांच कर मुख्य षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने व मृतक के परिजन को उचित मुआवजा देने की बता कहीं गई। चूंकि, नाबालिग बच्चों के मन में एक जाति विशेष के लिए इस तरह से दुर्भावना रखना भविष्य के लिए गंभीर घटना है। इसलिए ज्ञापन में प्रदेश भर में जातिगत भेद-भाव के लिए माहौल बनाने वालों के खिलाफ स्कूल कालेज में सर्वधर्म समजाति जन जागरुकता अभियान चलाने की भी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला सचिव रेखराज बघेल, युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश जोशी व खट्टी परिक्षेत्र के सचिव देव कुमार जोशी, सतनाम प्रचारक कन्हैया टोंडेकर शामिल थे।

# कन्या शाला में हिंदी मास पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी मास के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिसमें गीत, कविता, भाषण, चुटकुले, पहेलियां जैसे साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन पूरे माह भर संचालित हुए। हिंदी मास के अन्त में एक वृहद कार्यक्रम अनिता मोती मेहरा-सरपंच के मुख्यातिथ्य, आस्था साहू की अध्यक्षता, रामभरोसा साहू, श्रीकांत शर्मा, प्रेमलाल साहू, रामकुमार पटेल, महेश जोशी, कलेन्द्री, चित्रलेखा एवं पायल पटेल के विशेष आतिथ्य में हुआ।



इस अवसर पर भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, सुनीता ध्रुव सहित सैंकड़ों बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्राओं में खिलेश, भावना, हिमांशी,मेनका, खुशबू, दामिनी, पूनम, जिया और जिज्ञासा ने कविता प्रस्तुत किया। जबकि, ओमेश्वरी ने हिंदी दिवस पर शानदार भाषण प्रस्तुत किया। द्रौपदी और मेनका ने पहेलियां प्रस्तुत कर सबको चिंतन के लिए मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि के आसन्दी से बोलते हुए पंचायत के प्रथम नागरिक अनिता मोती मेहरा ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा भाषा है, जिसका डंका पूरे विश्व में बंद रहा है। हमें अपनी राष्ट्र भाषा पर गर्व करना चाहिए। मंच से बोलते हुए मोती लाल मेहरा ने कहा कि हिंदी एक संपर्क भाषा है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कामनी साहू और योगिता साहू एवं आभार प्रदर्शन संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता ध्रुव ने किया।

# पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने शासकीय प्राथमिक शाला, उच्च प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल नयापारा (सेजेस) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय को शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान लहरे कक्षा पहली के बच्चों के हाजिर जवाब से प्रभावित हुए। कक्षा तीसरी के बच्चों को और अधिक सहायता की आवश्यकता महसूस करते हुए उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को एफएलएन आधारित गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाए तथा उन्हें चित्र, चार्ट, कविता, लर्निंग कॉर्नर और प्रिंट-रिच सामग्री से जोड़ा जाए।

उन्होंने पाठ्यक्रम पंजी और विद्यार्थी विकास सूचकांक के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया, किंतु शिक्षक डायरी का अभाव पाए जाने पर सख्त निर्देश दिए कि सभी शिक्षक नियमित रूप से शिक्षक डायरी तैयार करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन का स्वाद लिया और गुणवत्ता पंजी की जांच की। बच्चों की कम उपस्थिति पर पालकों से व्यक्तिगत संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। हाई स्कूल में कक्षा नौवीं के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को "बूढ़ी पृथ्वी का दुख" की व्यथा पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए पर्यावरण का संरक्षण, अधिक वृक्षारोपण, पत्थर-पहाड़ों की अनावश्यक कटाई पर रोक, जंगलों को बचाना, प्रदूषण मुक्त वातावरण और प्लास्टिक के कम उपयोग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

उन्होंने जिले के सभी स्कूली बच्चों, पालकों, शिक्षकों और जागरूक नागरिकों से आह्वान किया कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में भाग लें और लगाए गए पौधों की फोटो को अपने स्कूल और कक्षा के ग्रुप में शेयर करें और शिक्षक उसे मिशन लाइफ के लिंक पर अपलोड करें। निरीक्षण के अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, व्याख्याता कृपा राम सागर, प्रधान पाठक हेमलता शर्मा, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश देवांगन, भामा प्रधान, प्रणिता शर्मा, कुलेश्वर साहू, डुमेश साहू सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षक फेडरेशन विकासखंड बागबाहरा के अध्यक्ष बने प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन विकासखंड बागबाहरा के अध्यक्ष प्रकाश बघेल बने। संगठन चुनाव के लिए तय समय सीमा में दो नामांकन पत्र जमा किए गए। जिसमें प्रकाश बघेल एवं डिगेश साहू दोनों के नामांकन जांच के बाद वैध पाए गए। लोकतांत्रिक प्रकिया से हुए निर्वाचन में दोपहर एक बजे से चार बजे तक चला। मतदान में ब्लॉक के कुल 670 मतदाता में से 486 शिक्षकों ने मतदान में भाग लिया। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई। जिसमें 296 मत प्रकाश बघेल ने प्राप्त किए 184 मत डिगेश साहू को मिला एवं 06 मत निरस्त किया गया। इस प्रकार प्रकाश बघेल ने 112



मतों से जीत दर्ज कर लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव जीता। निर्वाचन कराने जिला निर्वाचन अधिकारी राजू टंडन, ब्लॉक निर्वाचन प्रभारी सिराज बक्श, सहायक निर्वाचन प्रभारी बीपी मेश्राम एवं टिकेश्वर साहू उपस्थित रहे। बुधवार को सुबह से ही शिक्षकों में चुनावी माहौल देखते ही बन रहा। लगातार चार घंटे तक चले मतदान में 486 मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। निर्वाचन के बाद विजय उम्मीदवार को ब्लॉक निर्वाचन प्रभारी सिराज बक्श द्वारा विजय प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल ने उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आप सबके विश्वास की जीत है। आप सब ने मुझे लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में चुना है, जिसके लिए में आप सभी का ऋणी हूं। आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि समस्त शिक्षकों के हक और अधिकार के लिए पूरी जवाबदारी के साथ कार्य करूंगा। इस अवसर पर ईश्वर चंद्राकर, दीपाली वर्मा, आदित्य गौरव साहू, अजय बंजारे, भैयाराम चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर, विजय साहू, महेंद्र बघेल, फारूख मोहम्मद, यशवंत ठाकुर, विष्णु जागृति, लोचन साहू, कीर्तन पटेल, अभिषेक घाटगे, ठाकुरराम साहू, दौलत दीवान, विनोद साहू, केवल सिन्हा, सौरभ गुप्ता, हुलास मानिकपुरी, अरविंद द्विवेदी, प्रदीप वर्मा, वीरेंद्र चंद्राकर, श्रवण यादव, श्रवण ठाकुर, सेवाराम बेलदार, सेतराम राणा, हरीश भोई, डोमार वैष्णव, पुष्कर पटेल, मणि चक्रधारी, आराधना बघेल, सरिता शर्मा, उषा चंद्राकर, मुरली यादव और बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।



## भाजपा सरकार में गायों की हो रही तस्करी

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष ने प्रेस से कहा कि भाजपा सरकार के राज में गायों की तस्करी शुरू हो गई है। गायें भूख से, दुर्घटना से मर रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया। जिसके कारण पिछले पौने दो साल में चारे पानी के अभाव में भूख तथा खुले में घूमने के कारण सड़कों पर एक्सीडेंट से बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौत हो रही है। विभिन्न समाचार माध्यमों में जो खबरें आई है उसके अनुसार पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गाय सड़कों पर कुचल कर मारी गई। लगभग 1200 से अधिक गाय भूख से चारे पानी के अभाव में मारी गई। 200 से अधिक गायें जहरीले पदार्थ आदि खाने से मारी गईं।

## खबर संक्षेप

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 5 को

**कुरुद/धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक 5 को कुरुद स्थित कालीमाई मंदिर में रखी गई है। बैठक में समाजिक संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की जाएगी। यह जानकारी तुलसीराम यादव प्रदेश संगठन सदस्य ने दी है।

### गणेशपुर में आज नाचा

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में आज 3 अक्टूबर शुक्रवार को दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए संगीछुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी भाटापारा जिला बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा, जगदीश साहू पंच, जीवन साहू ग्राम पटेल, कल्याण यादव ग्रामीण सचिव, देवानंद ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष सहित बाल समाज के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन आज

**नगरी।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर खंड नगरी का विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन आज राजाबाड़ा नगरी में होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भुवनेश्वर साहू पूर्व प्रदेश सहमंत्री विश्व हिन्दू परिषद छग प्रांत होंगे। अध्यक्षता पेंशनर संघ के अध्यक्ष रैनलाल देव करेंगे। इससे पूर्व सरस्वती शिशुमंदिर नगरी में 12 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। 2 बजे पथ संचलन प्रारंभ होगा। पथ संचलन सरस्वती शिशुमंदिर से प्रारंभ होकर जनपद तहसील कार्यालय चौक, शहीद स्मारक, बस स्टैंड चौक, बजरंग चौक, देना बैंक चौक होते हुए राजाबाड़ा सभा स्थल तक होगा। यह जानकारी आरएसएस के नगरी खंड संघचालक गोकुलराम देवांगन व मोतीलाल दिवाकर खंड कार्यवाह ने दी है।

### इंडोर स्टेडियम में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस को मुखबिर से रमेश कोसरिया द्वारा आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां आरोपी रूपेश कोसरिया उर्फ रुप्पू धारदार चाकू लहराकर आने जाने वालों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी रूपेश कोसरिया पिता चंद्रहास उम्र 22 वर्ष महंत घासीदास वार्ड धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है आरोपी रमेश कोसरिया के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। थाने में आरोपी पर धारा 294, 506 भादवि एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

## बिरकोनी में जसगीत मांदर की थाप पर निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा





**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा गुरुवार को निकाली गई। बाजार चौक स्थित दुर्गा प्रतिमा का की प्रातः 8 बजे पूजा आरती की। मांदर के धुन व जसगीत सेवा गीत, भजन कीर्तन के साथ ग्राम के सभी कुल देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। महिलाओं ने जंवारा शोभायात्रा का स्वागत आंगन में द्वार बना कर किया। रास्ते भर पूजा आरती सजाकर भक्तों ने माता की जयकारे लगाए। विदाई की धुन भक्तिमय गीतों से गूंजती रही। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। शरीर के विभिन्न अंगों में सांग बाना लेने वाले भक्तगण आकर्षक के केंद्र रहे। ज्योत जवारा का शोभायात्रा बाजार चौक से साहू पारा, राममंदिर चौक से होते हुए विसर्जन स्थल तक गए। महिलाएं देवी मां की भजन गाती हुई चलती रही। प्रतिमा विसर्जन को लेकर दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से किया गया।

### कार्यक्रम : सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा

# गांधी-शास्त्री जयंती पर स्काउट-गाइड संघ ने किया सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारत स्काउट गाइड संघ पिथौरा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अंजलि हायर सेकंडरी स्कुल पिथौरा में ब्लॉक स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने शांति, सद्भावना, भाईचारे और समृद्धि की प्रार्थना की। वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए गांधी एवं शास्त्री की जयंती की शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों व उनके सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही प्रार्थना से जुड़ी ईश्वरीय शक्ति का अनुभव साझा किया।



कार्यक्रम के दौरान स्काउट संघ ने नरेश नायक प्रधान पाठक, शासकीय मिडिल अंग्रेजी कन्या विद्यालय को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से स्काउट संघ अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवकुमारी चौधरी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप निषाद, जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष कुमार साहू, जिला सह सचिव राजीव तिवारी, ब्लॉक सचिव झनेश कुमार साहू, सहसचिव कमलेश दीवान, आजीवन सदस्य संजय गोयल, फलेश्वरी साहू, तेज कुमारी नायक, अरुण देवता, रोहिणी कुमार देवांगन, पति राम पटेल, विजय सिन्हा, अनीता साहू, सरस्वती पटेल, दीपिका देवांगन, महेश्वरी लाउत्रे, संतोषी ठाकुर, अनीता मोहंती, भवानी कर सहित अनेक स्काउटर-गाइडर तथा अंजलि विद्यालय की संस्था प्रमुख सिस्टर प्रसन्ना आदि उपस्थित रहे।

## राज्य प्रभारी ने ली आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत संचालित आदि कर्मयोगी अभियान की वृहद समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्राईफेड एमडी एवं राज्य प्रभारी एम राजा मुरुगन ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी पी. खदाने, शांतनु सहारा, प्रज्ञान सेठ, कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, सहायक आयुक्त, विभागीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) सहित जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत महासमुंद विकासखंड के 25 ग्राम, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 एवं सरायपाली विकासखंड के 16 ग्राम, कुल 308 ग्रामों में संबंधित विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मुरुगन ने बैठक में ग्राम विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान देशभर में जनजातीय समुदायों के समग्र उत्थान की दिशा में उत्तरदायी शासन की ऐतिहासिक पहल है। पहली बार ग्राम स्तर पर ग्रामीणों की सहभागिता से उनकी आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप विकास योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। यह पहल वर्ष 2030 तक की दूरदर्शी सोच के साथ स्थायी विकास का आधार बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम विकास योजनाएं व्यवहारिक और सहभागी हों तथा अधोसंरचना विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं मानव संसाधन विकास पर विशेष बल दिया जाए। सभी 308 ग्रामों में सहभागी नियोजन के माध्यम से विलेज एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। राज्य प्रभारी मुरुगन ने जिले में अब तक की प्रगति को सराहते हुए सभी विभागों को बेहतर समन्वय और टीम भावना से कार्य करने कहा तथा अभियान को मूर्त रूप देने के लिए अधिकारियों और फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मयोगियों को बधाई दी।

# किसान पंजीयन और गिरदावरी की सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा करें: कलेक्टर

## सभी ग्राम पंचायतों में 2 से 14 अक्टूबर तक होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, विभागवार लंबित मामलों एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि अगस्त माह का जीएसटी आज ही जमा किया जाए। जिन विभागों के जीएसटी रिटर्न जमा नहीं किए गए हैं, वे तत्काल जमा करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हर महीने की 10 तारीख के पूर्व जीएसटी जमा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने गढ़फुलझर, खल्लारी में किए गए घोषणाओं के अनुरूप कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-आफिस के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह मूव किए गए फाइलों की स्थिति अपडेट की जाए तथा ई-आफिस के अंतर्गत ही पत्राचार व्यवहार में लाई जाए।




कलेक्टर ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 से 14 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। इनमें एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल क्राप सर्वे तथा मैन्युअल गिरदावरी की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा कर पठन कराया जाए। यदि कोई दावा-आपत्ति मिलती है तो उसका पुनः पीवीआर ऐप से सत्यापन कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा में कहा कि सभी विकासखंड एवं ग्राम नोडल अधिकारी प्रत्येक ग्राम का विलेज एक्शन प्लान अपलोड करें। 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं में इन एक्शन प्लानों का अनुमोदन कराया जाएगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शेष आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवास का कार्य प्रतिदिन प्रगतिरत रहें। कलेक्टर ने जनमन की समीक्षा में पूर्ण सिच्युएशन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण माह अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों को पोर्टल में एंट्री किए जाने के निर्देश दिए हैं। अन्य विभागों को भी पर्याप्त संख्या में एंट्री करने कहा गया है। कलेक्टर लंगेह ने खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग को सभी मिठाई दुकानों में मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच के निर्देश दिए हैं।

बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि कोई भी जिला अधिकारी बिना अनुमति लिए मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही बैठक में अपने प्रतिनिधि भेजेंगे। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा में ओवर लोडेड गाड़ियां, हार्न प्रेसर और शराब पी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को भी सीट बेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए है। बैठक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के वाहन चलाने पर तथा ट्रिपल सवारी पर भी निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# स्वास्थ्य व पोषण सुधार की दिशा में जिले की उल्लेखनीय उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है, इस अवसर पर रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीते वर्षों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। जिसके परिणामस्वरूप जिले में इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। पिछले 8 वर्षों में कुपोषण की दर में लगातार कमी देखी जा रही है। जहां वर्ष 2017-18 में 33.18 प्रतिशत बच्चे कुपोषित थे। वहीं 2024-25 की स्थिति में घटकर लगभग आधी रह गई है

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेंद्र जटवार ने बताया कि विभाग के मूल दायित्वों की पूर्ति हेतु आंगनबाड़ियों के माध्यम से टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवाएं, पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य व पोषण शिक्षा तथा शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा जैसी छह प्रमुख सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। सर्वसुविधा युक्त आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए संजीवनी आंगनबाड़ी कार्यक्रम संचालित है, जिसके तहत भवनों में शौचालय, पेयजल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कूलर, टीवी आदि की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही बच्चों व गर्भवती महिलाओं के वजन व ऊँचाई मापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक व सॉल्टर वजन मशीन, इन्फेंटोमीटर व स्टेडियोमीटर उपलब्ध कराए गए हैं। महिला एवं बच्चों के साथ किशोरियों को भी शामिल करते हुए टेक होम राशन (रेडी टू ईट) उपलब्ध कराया जा रहा है। पोषण स्तर में सुधार के लिए अमृत दूध योजना, गर्म पका भोजन वितरण, सुपोषण चैपाल, पोषण वाटिका, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान व नवजात योजना के तहत बच्चों व गर्भवतियों को दूध, प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ, मोरिंगा बार, लड्डू और अंडे वितरित किए गए हैं।



बच्चों के स्वास्थ्य इंडिकेटर्स के मापन व जागरूकता के लिए हर वर्ष वजन त्यौहार, पोषण माह, पोषण पखवाड़ा व स्तनपान सप्ताह का आयोजन कर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों व बाल विकास कार्यक्रमों में शामिल किया जाता है। विभाग द्वारा बाल संदर्भ शिविर भी आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बच्चों की स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की जाती हैं। इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि जिले में कुपोषण के आँकड़ों में लगातार गिरावट दर्ज हुई है। वर्ष 2017-18 में जहाँ कुपोषण का प्रतिशत 33.18 था। वहीं वर्ष 2018-19 में 28.7 प्रतिशत, 2019-20 में 26.8 प्रतिशत, 2020-21 में 24.03 प्रतिशत, 2021-22 में 23.49 प्रतिशत, 2022-23 में 21.87 प्रतिशत, 2023-24 में 19.67 प्रतिशत तथा 2024-25 में घटकर 16.32 प्रतिशत रह गया है।

विभाग द्वारा केवल पोषण की दिशा में ही नहीं शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा पर भी निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ियों में बच्चों के लिए रंग-बिरंगे खेल एवं पढ़ाई की सामग्री उपलब्ध कराई गई है ताकि खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के माध्यम से किशोरियों को भी पोषण, शारीरिक विकास व माहवारी स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है। आंगनबाड़ियों के बहेतर प्रबंधन व ई-गवर्नेंस की ओर कदम बढाते हुए सभी कार्य ऑनलाइन पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से किए जा रहे हैं। पारदर्शिता के लिए सम्मान सुविधा व हमर स्वस्थ लइका ऐप का भी उपयोग किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन कार्य हेतु मोबाइल भी उपलब्ध कराए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य व पोषण के साथ ही महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। विभाग द्वारा महतारी वंदन, सक्षम योजना और ऋण योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बसना**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// उद्घोषणा//

क्रमांक/116/वाचक/ना.तह. /2025 बसना
दिनांक 29/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेशराम पिता पिता कंठी जाति तेली ग्राम छोटेडाभा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. गढ़फुलझर तहसील बसना जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है यह कि ग्राम छोटेडाभा में स्थित अनावेदक के पूर्वज जालकुंवर जौजे ज्वाला सिंह, सोनकुंवर जौजे दीदार सिंह के भूमि स्वामित्व हक में ग्राम छोटेडाभा तहसील बसना में बंदोबस्त के पूर्व 96/2 रकबा 9 डिसमिल दर्ज होकर स्थित था. अनावेदक के पूर्वज द्वारा आवेदक की माता रम्हा बाई जौजे कंठी जाति तेली निवासी ग्राम छोटेडाभा को दिनाँक 17.02.1959 को विक्रय किया गया था. उक्त ख.नं. 96/2 जो कि वर्तमान में बंदोबस्त के बाद नया खसरा नं. 198/1, 198/2 बना है, जिसमें विक्रेता के विधिक वारिसान अनावेदक अजीत सिंह पिता दीदार सिंह वगै का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खसरे की भूमि पर क्रय दिनॉक से आज तक आवेदक का निर्वविवाद रूप से काश्त कब्जा है। जिसमें ग्राम छोटेढाभा में स्थित खसरा नंबर 198/1,198/2 कुल रकबा 0.03हे. भूमि को आवेदक स्वयं नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109.110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः जिस किसी संस्था / व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 08/10/25 तक न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते है. बाद में प्राप्त दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक. 29/09/202.5 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बसना(छ.ग.)**

## दशहरा पर पुलिस ने की अस्त्र-शस्त्र की पूजा

**धमतरी।** दशहरा के अवसर पर पुरानी परंपरा का निर्वन करते हुए रक्षित केन्द्र सहित जिले के सभी थाना व चौकी में अस्त्र शस्त्र की पूजा की गई।

विजयादशमी असत्य पर सत्य एवं अधर्म पर धर्म का प्रतीक माना जाता है। विजयादशमी पर देवी अपराजिता एवं मां रणचण्डी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ अस्त्र शस्त्र की पूजा करने की परंपरा रही है।



धमतरी पुलिस भी इस प्राचीन परंपरा को वर्षों से निभाती आ रही है। इसी कड़ी में गुरूवार 2 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने रक्षित केन्द्र में अधिकारियों एवं जवानों के साथ विधि-विधान से अस्त्र शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों सहित जिले व सभी नागरिकों को विजयादशमी पर्व की बधाई दी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जिले में कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

**महासमुंद।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर जिले में कुष्ठ जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कुष्ठ कार्यालय में किया गया, जहाँ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ. राव ने बताया कि 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले कुष्ठ जागरूकता सप्ताह के दौरान ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक समाज में व्याप्त कुष्ठ रोग संबंधी भ्रांतियों को दूर करने, कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करने तथा छुपे हुए कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें एमडीटी उपचार से लाभान्वित कराने संबंधी जानकारी देंगे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को वाचन पत्र पढ़कर यह शपथ दिलाई गई कि वे कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करेंगे और छुपे हुए रोगियों की पहचान कर उनके उपचार के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राव, उपस्थित कर्मचारियों, मितानिनों एवं प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कुष्ठ जागरूकता सप्ताह को सफल बनाने की अपील की।

### स्वच्छोत्सव पर डाइट में हुए विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय अभियान स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल सहित सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के सिंह के मार्गदर्शन एवं संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में स्वच्छता शपथ से लेकर निबंध , कविता लेखन एवं वाचन वाद विवाद प्रतियोगिता, नारा लेखन, क्विज प्रतियोगिता स्वच्छता पर आधारित चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता एवं अतिरिक्त कचरा प्रबंधन एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन पर कार्यक्रम हुआ। डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी टेकराम सेन ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम अत्यंत ही प्रभावी रहा। छात्राध्यापकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। डाइट प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल ने कहा कि छात्राध्यापकों की रचनात्मकता एवं कार्यकुशलता अत्यंत ही प्रशंसनीय है। सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के सिंह ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, सुमन दीवान, लक्ष्मी सिन्हा, ईस्वर चंद्राकर, झरना साहू, सुनील साहू, सुनील मरकाम, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडे, राधा साहू, मीना साहू, गरिमा राजपूत, तरुण चंद्राकर, अजय, उदित, हीरामन का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी ईश्वर चंद्राकर ने दी है।

## दशहरा पर्व : थाना बसना में शस्त्र पूजन हुआ

# सामाजिक सुरक्षा के संकल्प के साथ की गई शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर

- सामाजिक शांति और सौहार्द बनाए रखने का दिया संदेश



पर थाना बसना में परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी सरायपाली ललिता मेहर एवं थाना प्रभारी बसना नरेंद्र राठौर की उपस्थिति में विधिवत रूप से शस्त्रों की पूजा की गई।

शस्त्र पूजन के दौरान सुरक्षा में प्रयुक्त शस्त्रों को न केवल जीवन रक्षक उपकरण के रूप में देखा गया, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और जन कल्याण के उद्देश्य से समर्पित भावना के साथ पूजित किया गया। पूजन कार्यक्रम में थाना बसना के सभी पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। पूजा विधि संपन्न कर शांति व्यवस्था और धार्मिक आस्था के बीच समन्वय स्थापित करने का संदेश दिया गया।

थाना प्रभारी राठौर ने बताया कि, शस्त्रों का प्रयोग केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। शस्त्र पूजन हमारी संस्कृति का हिस्सा है, जो शक्ति को मर्यादा में रखने का प्रतीक है।

इस अवसर पर स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को भी पुलिस की ओर से सामाजिक शांति और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## अरंड में दुर्गा प्रतिमा व ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में जय महावीर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित मां दुर्गा प्रतिमा एवं ज्योति कलश का विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। वाद्ययंत्रों की धुन के साथ गली भ्रमण किया गया। पश्चात तालाब में विसर्जन किया गया। ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, खूबचंद दुबे, गांव के बैग विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, प्रीतम सिंह पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, नीतिनी कुमार जिंदल, डेमन सिंह ध्रुव, ईगल किशोर पटेल, हेम प्रकाश निर्मलकर, अजय पटेल, राम अवतार ध्रुव, दीपक ध्रुव, रूपेंद्र निर्मलकर, देवानंद पटेल, जसोदा बाई ध्रुव, दुलारी बाई ध्रुव, बिनाबाई ध्रुव, कांति बाई ध्रुव, त्रिलोचन बाई दीवान, भुवनेश्वरी बाई ध्रुव, कालिंद्री बाई साहू, गीता बई ध्रुव, मिलोबाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## इंटर बटालियन बास्केटबॉल प्रतियोगिता वेस्ट बंगाल में महासमुंद के सुभाष ने किया बेहतर प्रदर्शन

**महासमुंद।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) द्वारा इंटर बटालियन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 26 सितंबर तक दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में किया गया, जिसमें महासमुंद जिले के सीनियर बास्केटबॉल खिलाड़ी सुभाष मंडल ने 184 बटालियन सीआरपीएफ की टीम से भागीदारी किया। आयोजन के सभी लीग मैच खेलकर 184 बटालियन ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में 184 बटालियन ने 169 बटालियन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें सुभाष मंडल ने बेहतर खेल प्रर्दशन दिखाते हुए टीम के लिए 14 अंक बनाए। फाइनल मैच में 184



बटालियन ने 66 बटालियन के साथ खेलकर विजेता बने, जिसमें सुभाष मंडल ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया सेक्टर टूनामेंट में चयनीत होकर एक बार फिर सफलता हासिल किया। ऑल इंडिया सेक्टर टूनामेंट के लिए प्रशिक्षण शिविर दुर्गापुर में आयोजित किया गया है। सुभाष मंडल विगत दो वर्षों से सेंट्रल बास्केबॉल टीम से भागीदारी कर रहे है और इस बार भी चयनीत होकर अपना कदम सफलता की ओर आगे बढ़ाया है। ऑल इंड़यि सेक्टर टूर्नामेंट में चयनित होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, संतोष कुमार सोनी, किरण महाडीक, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, श्रेया घोष, दिव्या रंगारी, योजना, सौम्या, तारिनी साहू, आदित्य पटेल, आशीष, सिद्धार्थ, ओजस्वी चंद्राकर, खेल संघों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## गांधी-शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के

- कांग्रेस भवन में दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित की




पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग से न केवल भारत को आजादी दिलाई बल्कि पूरे विश्व को शांति, सद्भाव और समानता का संदेश दिया। गांधी का जीवन सादगी और त्याग का प्रतीक रहा है, उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने वाले हैं। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लालबहादुर शास्त्री ने अपने संपूर्ण जीवन में ईमानदारी, सादगी और राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। उनका दिया नारा "जय जवान, जय किसान" आज भी देश की आत्मा को संबल प्रदान करता है। शास्त्री का अल्पकालीन प्रधानमंत्री कार्यकाल भी देशवासियों के लिए अनुकरणीय आदर्श है। संजय शर्मा जिला महामंत्री ने कहा कि गांधी और शास्त्री की विचारधारा को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज में शांति, भाईचारा और समानता स्थापित करने के लिए सतत संघर्षरत रहेगी। सभी कांग्रेसजनों एवं नागरिकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर वनोपज जिला अध्यक्ष, संजय शर्मा महामंत्री, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, नितेंद्र बनर्जी सेवादल जिला अध्यक्ष, अरुण चंद्राकर, भारत ठाकुर अधिवक्ता, राजू यादव पूर्व जनपद सदस्य, एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, डॉ तरुण साहू, ममता चंद्राकर, सोनम रामटेके, प्रकाश अजमानी, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, बलदाऊ बांदे, बसंत चंद्राकर, भानू सोनी आदि उपस्थित रहे।

## सर्व धर्म प्रार्थना और स्वच्छता संकल्प

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में गाँधी जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य संजय कंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गुलाब आवडे ने किया तथा वीएन प्रधान, वन्दिनी जौहरी और प्रवीण कुमार साहू की उपस्थिति रही। तुलसीराम चंद्राकर के कुशल संयोजन एवं प्राचार्य संजय कंसल के कुशल मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। गाँधी जयंती पर सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने एकता, सद्भावना और शांति का संदेश दिया। पश्चात विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राचार्य सहित सभी सदस्यों ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता का कार्य किया और उपस्थित जनों को महात्मा



गांधी द्वारा दिखाए गए स्वच्छता और सरलता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य कंसल ने महात्मा गाँधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधी का त्याग, सेवा और स्वच्छता का संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।



### खट्टी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**नर्रा।** 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम पंचायत खट्टी के वार्ड नं 4 में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इसमें वार्ड पंच खेदिया बाई कुर्रे, देवसिंग रात्रे, संतोष नियाल, शैलेंद्र दुबे, शिवचरण कुर्रे, देवदास कुर्रे, कुलेश्वर दुबे, लखन कुर्रे, कौशिक तांडी, बेदराम निराला, जगदीश दुबे समेत वार्डवासियों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# गांधी जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

## शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विधायक महासमुंद एवं जनभागीदारी प्रबंधन समिति महाविद्यालय अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा के निर्देशन एवं प्राचार्य करुणा दुबे व डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा दुबे, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी मंचस्थ रहे।

सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रपिता को याद किया गया। मंचस्थ अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में अजय कुमार राजा ने गांधी जीवन पर पर प्रकाश डालते हुए सभी स्वयंसेवकों को बताया कि महात्मा गांधी का जन्म गुजरात राज्य के पोरबंदर जिला में 02 अक्तूबर 1869 को एक साधारण से परिवार में उनका जन्म हुआ था। गांधी के पिता करमचंद गांधी कट्टर हिंदू एवं ब्रिटिश सरकार के अधीन गुजरात में पोरबंदर रियासत के प्रधानमंत्री थे। गांधी की माता अत्यधिक धार्मिक महिला थी, अतः उनका पालन पोषण वैष्णव माता को मानने वाले



परिवार में हुआ और उन पर जैन धर्म का भी अधिक गहरा प्रभाव रहा। जिसकी वजह से इसके मुख्य सिद्धांतों जैसे- अहिंसा, आत्म शुद्धि और शाकाहार को उन्होंने अपने जीवन में उतारा था और गांधी भी इस नियम को मानते थे। करुणा दुबे द्वारा गांधी के आंदोलनों में प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी ने बड़े-बड़े आंदोलन चलाए और जीते भी। इन आंदोलन को जीतने की सबसे बड़ी वजह मानव कल्याण के हित में था। गांधी ने सब आंदोलन जीते बिना किसी हथियार के इस्तेमाल से और ना बिना किसी दुर्व्यवहार के ये युद्ध जीता। यह कहने वाली नहीं मानने वाली बात है कि महात्मा गांधी ही ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने अपने सादे व्यवहार के साथ ब्रिटिशों को भगाया था और भारत में आजादी का तिरंगा फहराया था। साथ ही प्राचार्य महोदय द्वारा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

डॉ रीता पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती पर हम उनके ऐतिहासिक क्षेत्रों को याद करते हैं। साबरमती आश्रम, सेवाग्राम आश्रम और दांडी यात्रा के स्थल जैसे स्थान गांधी के सत्याग्रह और स्वराज के संघर्ष के प्रतीक हैं। इन स्थानों पर गांधी ने अपने विचारों और आदर्शों को आकार दिया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ मालती तिवारी ने गांधी के राजनैतिक विचारों के बारे में बताया कि उनके राजनैतिक क्षेत्र में सत्याग्रह, स्वराज और सर्वोदय प्रमुख थे। सत्याग्रह के माध्यम से उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध किया, स्वराज में आत्म-शासन की बात की और सर्वोदय में समाज के सभी वर्गों के कल्याण की बात की। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ जागृति चंद्राकर, डॉ गरिमा दीवान सहित महाविद्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी, रासेयो स्वयंसेवक मनोज देवांगन, पोषण साहू, विजय ब्रम्हे, गोरेलाल चतुर्वेदी, कामता भारती, जनक साहू, वर्षा साहू, भुनेश्वरी कोसले, नुसरत फातमा, आरती, लक्ष्मी सहित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन राजेश्वरी सोनी एवं संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज देवांगन ने किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिथौरा द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बलिदानी भगत सिंह खेल मैदान में विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं एकजुटता का परिचय देते हुए सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन, संघ प्रार्थना और राष्ट्रभक्ति गीतों से हुई। पारंपरिक गणवेश धारण कर स्वयंसेवकों ने संघ के आदर्शों और संस्कारों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। मुख्य वक्ता धनेश्वर साव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतभूमि को माता के रूप में पूजने वाला केवल हिंदू समाज है, इसलिए हिंदुत्व ही इस देश की मूल आत्मा है। यदि मूल आत्मा को सशक्त



किया जाए तो राष्ट्र स्वतः सशक्त हो जाएगा। उन्होंने डॉ. हेडगेवार द्वारा संघ की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समाज जागरण के पांच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्य बोध को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के उपरांत नगर में पथ संचलन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए अनुशासन, एकता और संगठन की शक्ति का परिचय दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। इससे पूरे नगर का वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति एवं सनातन संस्कृति पर आधारित गीत प्रस्तुत किए और बौद्धिक विचारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ चालक बोधीराम चौधरी, मुख्य अतिथि तुकाराम पटेल सहित खंड मंडल के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411